


नवभारत
भोपाल, गुरूवार 07 अगस्त 2025


आज नरसिंहगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1 .26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन का उपहार देंगे . मुख्यमंत्री डॉ . यादव आज लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख लाड़ली बहनों को 1250 रुपये व रक्षाबंधन के शगुन के रूप में प्रत्येनक बहन को 250 रुपये की शगुन की अतिरिक्त राशि, कुल 1800 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से बहनों के खातें में अंतरित करेंगे . राजगढ़ जिले की 2 लाख 95 हजार बहनों को 44 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे .

# जिले की 3 लाख बहनों को मिलेगा 7 करोड़ का शगुन




दोपहर 2 .45 मिनट पर नरसिंहगढ़ से सिंगल क्लिक पर प्रदेश की बहनों को देंगे सौगात

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़/राजगढ़ 06 अगस्त , का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 07 अगस्त को जिले के नरसिंहगढ़ से प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाडली बहनों को रक्षाबंधन का उपहार देंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख लाडली बहनों को 1250 रूपये व रक्षाबंधन के शगुन के रूप में प्रत्येनक बहन को 250 रूपये की शगुन की अतिरिकत राशि कुल 1800 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से बहनों के खातें में आंतरित करेंगे. राजगढ़ जिले की 2 लाख 95 हजार बहनों को 44 करोड़ रूपये से अधिक की राशि आंतरित करेंगे. कार्यक्रम में नीति आयोग के अभियान अंतर्गत सम्मापन समारोह एवं आकांक्षा हाट का शुभारंभ भी करेंगे. मण्डी प्रांगण में अपरान्ह 2.45 बजे आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम चैतन्य कुमार काश्यप, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, सदस्य दिशा ज्ञानसिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यसक्ष श्रीमती कविता लोकेन्द्र वर्मा एवं जनपद पंचायत अध्य क्ष श्रीमती संजूबाई दीवान सिंह होंगे. हेलीपेड से कार द्वारा मुख्यमंत्री सभा स्थल के लिए रवाना होंगे. इसी बीच सरस्वती शिशु मंदिर से मुख्यमंत्री खुले वाहन में सवार होकर रोड शो करेंगे उनका रोड शो बस स्टेण्ड तक रहेगा. यहां से कार द्वारा मुख्यमंत्री सभा स्थल पहुंचेंगे. हेलीपेड से अर्जुन गौशाला, हरदौन लाला का चौराहा, बलवटपुरा चौराहा मार्ग से आमजन के लिए यातायात प्रतिबंधित रहेगा. नागरिक हाईवे की और जाने के लिए निम्न वैकल्पिक मार्गो का उपयोग कर सकेंगे. जयस्तंभ, सूरजपोल, होलीकूट, रामकुंड, डबलिया चौराहा, चंपी चौराहा, रेस्ट हाउस रोड, पुलिस लाइन से होकर हाईवे पर जा सकेंगे.

मुख्युमंत्री डॉ. यादव नीति आयोग के सम्पूर्णतः अभियान अंतर्गत 07 अगस्तर से 10 अगस्तु तक लगाए जा रहे आकांक्षा हॉट का शुभारंभ करेंगे. यह आयोजन जिले के स्थाणनीय उत्पुादों, महिला स्व सहायता समूह, कारीगरों और महिला बाल विकास विभाग, किसान कल्युाण तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्ककरण उद्योग विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा निर्मित विभिन्ना प्रकार के उत्पा्दों की उपलब्धियों को आकांक्षा हॉट के माध्यमम से प्रदर्शित किया जाएगा. आकांक्षा हाट का मुख्य उददेश्य् आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्ते कदम है. जो ग्रामीण अर्थ व्य वस्थां का मजबूती प्रदान करेंगा. यह आकांक्षा हाट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकल फॉर वोकल को बढावा देने की दिशा में एक महत्वहपूर्ण कदम है.

## 'मोहन' के स्वागत को आतुर 'मोहन'



जिले के नरसिंहगढ़ विस क्षेत्र में बतौर मुख्यमंत्री पहली बार डॉ मोहन यादव एक महती कार्यक्रम को संबोधित करने आ रहे है . वहीं इस बार नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आम जनमानस में काफी उत्साह भी है . इसके साथ ही सीएम डॉ मोहन यादव के दौर को लेकर स्थानीय विधायक मोहन शर्मा भी लंबे समय से प्रयासरत थे . उनकी प्रतीक्षा अंतत : पूर्ण हुई . साथ ही जनचर्चा भी है कि सीएम मोहन के स्वागत को दादा यानी विधायक मोहन शर्मा तैयार है . इस बारे में चचा करने पर विधायक मोहन शर्मा ने बताया कि वे काफी समय से सीएम डॉ मोहन यादव वे सम्पर्क में है . संगठन और पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष रहने के दौरान डॉ मोहन यादव ने काफी बार नरसिंहगढ़ के सौंदर्य की प्रशंसा की . विधायक श्री शर्मा ने कहा कि अवंति के लाल डॉ मोहन यादव बाबा बैजनाथ की नगरी में पधार रहे है . आशा है क्षेत्र को वे आने वाले समय में कई सौगातें देंगे . हम उनसे अपनी मांगें और जनभावनाओं को रखेंगे . विधायक श्री शर्मा ने कहा कि पूरा नगर उत्साहित है इस आयोजन को लेकर और रक्षाबंधन जैसे पवित्र और हर वर्ग, धर्म और जाति द्वारा मनाए जाने वाले पर्व पर सीएम प्रदेश स्तरीय काफी बड़ी सौगात देने जा रहे है यह भी एक अच्छा संयोग है . हम सभी बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं देते है . उन्होंने कहा कि डॉ यादव काफी समय पहले नरसिंहगढ़ आ चुके है . लेकिन बतौर प्रदेश के मुखिया के रूप में वे पहली बार आ रहे है . हम उनके आत्मीय अभिनंदन के लिए तैयार है .

## रक्षाबंधन पर बुराइयों का त्याग, नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 06 अगस्त, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र अपना नगर द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बांधकर बुराईयों को त्यागने एवं नशा मुक्ति अवगुण छोड़ने तथा सद्गुणों को अपनाने की प्रतिज्ञा दिलाई जा रही है. सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी द्वारा एसडीओपी प्रकाश शर्मा, सिटी थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ सहित स्टॉफ सदस्यों को राखी बांधी गई.

## खिलचीपुर में 11 से 4 गुल रहेगी बिजली

**खिलचीपुर 06 अगस्त, सं.** नगर में आज सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रहेगी ये कटौती 11 केवी पुराना खिलचीपुर फीडर पर चल रहे लाइन शिफ्टिंग काम के कारण की जा रही है. इस दौरान शहर के कई महत्वपूर्ण क्षेत्र प्रभावित होंगे. इनमें पुलिस लाइन, अस्पताल, इमली स्टैंड, पुराना पावर हाउस और बस स्टैंड शामिल हैं. साथ ही हरिजन मोहल्ला, भोजपुर नाका, कालाजी की बलड़ी और नाहरदा कॉलोनी में भी बिजली नहीं रहेगी. सुभाष चौक, तोपखाना गेट, पिपली बाजार और दर्जी गली के निवासियों को भी बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा.

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक

**पड़ाना 06 अगस्त, सं.** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बुधवार पड़ाना ग्राम पंचायत परिसर में भाजपा शक्ति केंद्र मंडल अंतर्गत एक सहभागिता बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि जिला मंत्री राधेश्याम गुर्जर ने बताया कि बैठक का का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 अगस्त से 14 अगस्त तक मंडल अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों पंचायत में तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान को एक सफल कार्यक्रम मंडल अंतर्गत बनाना है. वहीं 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आरंभ आशारेटा ग्राम पंचायत से प्रारंभ होते हुए करौंदी रामपुरिया मगराना पड़ाना मऊ में समापन होगा. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वी टेटवाल उपस्थित रहेंगे एवं अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई. इस मौके पर भाजपा पड़ाना मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मनोहर सिंह परमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरिता गोस्वामी, पूजा मालवीय, ग्राम पंचायत सरपंच गोकुल प्रसाद दुगारिया, रामपुरिया सरपंच प्रतिनिधि महेश जाट, मऊ सरपंच रईस मंसूरी, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष राकेश परमार, कपिल परमार, अनिल सोनी, ओम परमार, राजेश यादव, गोपाल सिंह राजपूत, संजय परमार, धर्मेंद्र जाट, सुधांशु चौहान, तेज सिंह दरबार आदि उपस्थित रहे.

## हरिओम और ज्योतिराज जूडो एशिया ट्रायल्स के लिए रवाना

**छात्र राज एवं हरिओम प्रजापति दिखाएंगे अपनी प्रतिभा**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 06 अगस्त. नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल के दो छात्र ज्योतिराज प्रजापति एवं हरिओम प्रजापति जूनियर एशिया अंतर्राष्ट्रीय ट्रायल्स के लिए भोपाल जाएंगे.**

यह ट्रॉयल्स आज 7 से 10 अगस्त तक आयोजित होंगे. छात्र ज्योतिराज प्रजापति 66 किलोग्राम कैटेगरी एवं हरिओम प्रजापति 81 किलोग्राम कैटेगरी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. खेलो इंडिया स्माल सेंटर के जूडो कोच शुभम राजपूत ने बताया कि दोनों होनहार छात्रों द्वारा निरंतर अभ्यास किया जा रहा है, वे आगे भी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रयासरत है. संस्था प्राचार्य, स्टॉफ सदस्यों, ईष्ट-मित्रों, मिलने-जुलने वालों ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.





